रजिस्ट्री सं. डी.एल.- 33004/99 REGD. No. D. L.-33004/99

# भारत का राजपत्र
# The Gazette of India

सी.जी.-डी.एल.-अ.-26022026-270517
**CG-DL-E-26022026-270517**

असाधारण
**EXTRAORDINARY**

भाग II—खण्ड 3—उप-खण्ड (i)
**PART II—Section 3—Sub-section (i)**

प्राधिकार से प्रकाशित
**PUBLISHED BY AUTHORITY**

| | |
|---|---|
| सं. 143] | नई दिल्ली, बृहस्पतिवार, फरवरी 26, 2026/फाल्गुन 7, 1947 |
| No. 143] | NEW DELHI, THURSDAY, FEBRUARY 26, 2026/PHALGUNA 7, 1947 |

## वित्त मंत्रालय

## (आर्थिक कार्य विभाग)

## अधिसूचना

नई दिल्ली, 26 फरवरी, 2026

**सा.का.नि. 149(अ).—** केन्द्रीय सरकार, सिक्का निर्माण अधिनियम, 2011 (2011 का 11) की धारा 24 की उपधारा (2) के खंड (घ) और खंड (ड.) द्वारा प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए, निम्नलिखित नियम बनाती है, अर्थात्:-

1. **संक्षिप्त नाम और प्रारम्भ.**— (1) इन नियमों का संक्षिप्त नाम सिक्का निर्माण (भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, नई दिल्ली के 100 वर्ष पूरे होने के अवसर पर स्मारक सिक्का जारी करना) नियम, 2026 है।

(2) ये राजपत्र में उनके प्रकाशन की तारीख को प्रवृत्त होंगे।

2. **सिक्के का मूल्यवर्ग.**— भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, नई दिल्ली के एक सौ वर्ष पूरे होने के अवसर को मनाने हेतु केंद्रीय सरकार के प्राधिकार के अधीन जारी करने के लिए टकसाल में एक सौ रुपये मूल्य वर्ग का सिक्का ढाला जाएगा।

3. **सिक्के की विमाएं और संरचना.**— नियम 2 में उल्लिखित मूल्य वर्ग का सिक्का, निम्नलिखित विमाओं और संरचना के अनुरूप होगा, अर्थात्:-

| सिक्के का मूल्यवर्ग | आकृति और बाह्य व्यास | दांतेदार किनारे की संख्या | धातु संरचना |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ रुपये | वृत्ताकार<br>44 मिलीमीटर | 200 | **चतुर्थक मिश्र धातु**<br>चांदी - 50 प्रतिशत<br>तांबा - 40 प्रतिशत<br>निकिल - 05 प्रतिशत<br>जस्ता - 05 प्रतिशत |

4. **डिज़ाइन.**— सिक्के का डिज़ाइन वह होगा जो इन नियमों के साथ उपाबद्ध पहली अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

5. **मानक वजन और अनुज्ञात उपचार.**— भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, नई दिल्ली के एक सौ वर्ष पूरे होने के अवसर को मनाने के लिए नियम 2 में निर्दिष्ट मूल्यवर्ग के सिक्के का मानक वजन और ऐसे सिक्के को बनाने में अनुज्ञात उपचार वह होगा जो इन नियमों के साथ उपाबद्ध दूसरी अनुसूची में यथा विनिर्दिष्ट है।

**पहली अनुसूची**

[नियम 4 देखिए]

**एक सौ रुपये**

**अग्र भाग:**

सिक्के के इस भाग पर मध्य में अशोक स्तम्भ का सिंह स्तम्भ शीर्ष होगा, जिसके नीचे **"सत्यमेव जयते"** लेख उत्कीर्णित होगा, उसकी बाईं परिधि पर देवनागरी लिपि में **"भारत"** शब्द और दाईं परिधि पर अंग्रेजी में **"INDIA"** शब्द होगा। सिंह स्तम्भ शीर्ष के नीचे रुपये का प्रतीक **"₹"** और अंतर्राष्ट्रीय अंकों में अंकित मूल्य **"100"** भी होगा ।

**पृष्ठ भाग:**

सिक्के के इस भाग के मध्य में भारतीय स्टेट बैंक, मुख्य शाखा, नई दिल्ली के भवन का चित्र होगा। चित्र के ऊपर भारतीय स्टेट बैंक का आधिकारिक प्रतीक चिन्ह चित्रित होगा। सिक्के की ऊपरी परिधि पर अंग्रेज़ी में **"100 YEARS OF STATE BANK OF INDIA, NEW DELHI MAIN BRANCH"** तथा देवनागरी लिपि में **"भारतीय स्टेट बैंक, नई दिल्ली मुख्य शाखा के 100 वर्ष"** उत्कीर्णित होंगे। सिक्के की निचली परिधि पर अंतर्राष्ट्रीय अंकों में वर्ष "**1926-2026**" चित्रित होगा।

## दूसरी अनुसूची

[नियम 5 देखिए]

| सिक्के का मूल्यवर्ग | मानक वजन | अनुज्ञात उपचार | |
|---|---|---|---|
| | | संयोजन में | मानक वजन में |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| एक सौ रुपये | 35 ग्राम | चांदी के लिए 1/500वां हिस्सा की वृद्धि या कमी अर्थात् चांदी का अंश प्रति 1000 में 498 से 502 के बीच हो सकेगा। | 1/100वां हिस्सा की वृद्धि या कमी अर्थात् वजन 34.65 ग्राम से 35.35 ग्राम तक हो सकता है। |

[फा. सं. 02/38/2025 - सिक्का]

अपर्णा भाटिया, सलाहकार

**MINISTRY OF FINANCE**

**(Department of Economic Affairs)**

**NOTIFICATION**

New Delhi, the 26th February, 2026

**G.S.R. 149(E).—** In exercise of the powers conferred by clauses (d) and (e) of sub-section (2) of section 24 of the Coinage Act, 2011(11 of 2011), the Central Government hereby makes the following rules, namely:—

1. **Short title and commencement.—** (1) These rules may be called the Coinage (Issue of Commemorative Coin on the occasion of completion of 100 Years of the State Bank of India, Main Branch, New Delhi) Rules, 2026.

(2) They shall come into force on the date of their publication in the Official Gazette.

2. **Denomination of coin**.**—** The coin of One Hundred Rupees denomination shall be coined at the Mint for issue under the authority of the Central Government to commemorate the occasion of completion of One Hundred years of the State Bank of India, Main Branch, New Delhi.

3. **Dimension and composition of coin**.— The denomination of the coin mentioned in rule 2 shall conform to the following dimensions and composition, namely:-

| Denomination of the coin | Shape and outside diameter | Number of serrations | Metal composition |
|---|---|---|---|
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One Hundred Rupees | Circular<br>44 millimeters | 200 | **Quaternary Alloy**<br>Silver – 50 per cent.<br>Copper – 40 per cent.<br>Nickel – 05 per cent.<br>Zinc – 05 per cent. |

4. **Design**.— The design of the coin shall be as specified in the First Schedule annexed to these rules.

5. **Standard weight and remedy allowed**.— The standard weight of the coin of denomination referred to in rule 2 to commemorate the occasion of completion of One Hundred years of the State Bank of India, Main Branch, New Delhi and the remedy allowed in making of such coin shall be as specified in the Second Schedule annexed to these rules.

**FIRST SCHEDULE**

[*See* rule 4]

**ONE HUNDRED RUPEES**

**OBVERSE:**

This face of the coin shall bear the Lion Capitol of Ashoka Pillar in the centre with the legend **"सत्यमेव जयते"** inscribed below, flanked on the left periphery with the word **"भारत"** in Devanagari script and on the right periphery with the word "**INDIA**" in English. It shall also bear the Rupee symbol "**₹**" and denominational value **"100**" in the international numerals below the Lion Capitol.

**REVERSE:**

This face of the coin shall bear the image of the State Bank of India, Main Branch, New Delhi Building at the centre of the coin. The **Official Emblem of the State Bank of India shall be depicted above the image.** The inscription "**100 YEARS OF STATE BANK OF INDIA, NEW DELHI MAIN BRANCH**" in English and the inscription "**भारतीय स्टेट बैंक, नई दिल्ली मुख्य शाखा के 100 वर्ष**" in Devanagari script shall be inscribed on the upper periphery of the coin. The year **"1926-2026**" in international numerals shall be depicted on the lower periphery of the coin.

**SECOND SCHEDULE**

[*See* rule 5]

| Denomination of the coin | Standard weight | Remedy allowed | |
|---|---|---|---|
| | | In composition | In standard weight |
| (1) | (2) | (3) | (4) |
| One Hundred Rupees | 35 Grams | 1/500th plus or minus for Silver, that is to say, the Silver content may vary from 498 to 502 per 1000. | 1/100th plus or minus, that is to say, the weight may vary from 34.65 grams to 35.35 grams. |

[F. No. 02/38/2025-Coin]

APARNA BHATIA, Adviser

Uploaded by Dte. of Printing at Government of India Press, Ring Road, Mayapuri, New Delhi-110064
and Published by the Controller of Publications, Delhi-110054. SARVESH KUMAR SRIVASTAVA Digitally signed by SARVESH KUMAR SRIVASTAVA Date: 2026.02.26 22:02:33 +05'30'